**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**

महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सारांश- अप्रैल, 2022

1. **माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**: **अनुलग्नक-I** में दी गई हैं।

2. **व्यापक अंतर मंत्रालयी परामर्श आदि के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत पहलू/मामले आदि**: शून्य।

3. **मंत्रालय में तीन महीने से अधिक समय से लंबित 'अभियोजन के लिए स्वीकृति' के मामले**: शून्य।

4. **ऐसे मामलों का विवरण जिसमें सरकार के कार्य व्यवहार या स्थापित नीति में छूट दी गयी है**: शून्य

5. **चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति):** परिसर की सामान्य सफाई।

6. **स्वायत्त निकायों के पुनर्गठन की स्थिति:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा इस मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्थानों के निदेशकों के साथ आंतरिक रूप से विचारविमर्श किया गया तथा सभी 5 स्वायत्त संस्थानों को एक सोसायटी के तहत विलय करने का नया प्रस्ताव किया गया। सभी विद्यमान स्वायत्त संगठन एक सोसायटी के अंतर्गत कार्य करेंगे। मंत्रिमंडल नोट का एक प्रारूप तैयार किया गया है तथा इसे अंतर-मंत्रालयीय परामर्श के लिए परिचालित किया जाएगा।

7. **प्रशासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए मंत्रालय/विभागों द्वारा किए गए विशिष्ट उपायों के संबंध में सूचना:** समुद्र की सतह का तापमान और क्लोरोफिल जैसे उपग्रह से प्राप्त किए गए मापदंडों का उपयोग करके मछली पकड़ने के संभावित क्षेत्र की परामर्शिकाएं जारी की जाती हैं। इसके अलावा, अल्पावधि और मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए ग्लोबल सैटेलाइट के डेटा का सतत रूप से उपयोग किया जाता है।

8. **स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति की स्थिति:** इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रालय/विभाग और उसके संगठनों के मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के दायरे में आने वाले सभी पदों का ब्यौरा एवीएमएस पर अद्यतन किया गया है और इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

9. **ऐसे मामलों की सूची जिनमें मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है**: इस बात की भी पुष्टि की जाती है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

10. **माह के दौरान पारित कर दिए गए एफडीआई प्रस्तावों का विवरण तथा मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति** : लागू नहीं।

*******

**अनुलग्नक-I**

**लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:**

- आईएमडी ने 14 अप्रैल, 2022 को मॉनसून ऋतु की वर्षा के पहले चरण के दीर्घावधि पूर्वानुमान जारी किये। संपूर्ण देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतुनिष्ठ (जून से सितंबर) वर्षा सामान्य (दीर्घावधि औसत (एलपीए) के 96 से 104% तक) होने की संभावना है । मात्रात्मक रूप से, मानसून ऋतुनिष्ठ वर्षा (जून से सितंबर) के ± 5% की मॉडल त्रुटि के साथ इसके दीर्घावधि औसत (एलपीए) का 99% होने की संभावना है। 1971-2020 की अवधि के लिए पूरे देश में ऋतुनिष्ठ वर्षा का दीर्घावधि औसत 87 सेमी. है।
- आईएमडी ने भारत के 703 जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले देश भर में फैले 4132 वर्षामापी केन्द्रों से 1971-2020 के आंकड़ों के आधार पर मानसून ऋतु वर्षा के नए सामान्य आंकडे जारी किए। दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु (जून-सितंबर) के लिए नया अखिल भारतीय वर्षा सामान्य आंकडा 868.6 मिमी है। यह 1961-2010 के आंकड़ों के आधार पर पहले के सामान्य आंकडे 880.6 मिमी की जगह लेगा। 1961-2010 के आंकड़ों के आधार पर नई अखिल भारतीय वार्षिक वर्षा का सामान्य आंकडा, पूर्ववर्ती सामान्य 1176.9 मिमी की तुलना में 1160.1 मिमी है।
- अंटार्कटिक अभियान पोत 26 मार्च 2022 को 27 सदस्यों के साथ इंडियन बैरियर से रवाना होकर 4 अप्रैल 2022 को केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका पहुंचा।
- कावारत्ती में समुद्री तापीय ऊर्जा रूपांतरण (ओटीईसी) संचालित विलवणीकरण संयंत्र की स्थापना के एक भाग के रूप में, संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप के माननीय प्रशासक की उपस्थिति में साइट पर परियोजना गतिविधियों को शुरू करने के लिए एक औपचारिक कार्यक्रम 31 मार्च 2022 को आयोजित किया गया था।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग, दुनिया के छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्रों में से एक है।जिसे विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा उत्तरी हिंद महासागर में चक्रवाती विक्षोभों के संबंध में चेतावनियां एवं परामर्शिकाएं जारी करने के लिए वैश्विक प्रणाली के तहत मान्यता दी गई है।
- मई 2022 में देश भर में औसत वर्षा सामान्य से अधिक (दीर्घावधि औसत (एलपीए) का >109%)होने की संभावना है ।
- मई के दौरान, पश्चिम मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों और पूर्वोत्तर भारत के उत्तरी भागों में सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान रहने की संभावना है।
- राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ) ने 5 अप्रैल 2022 को 'कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा निगरानी केंद्र', बेंगलुरु के साथ और 30 अप्रैल 2022 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

निर्णय/अनुमोदन की आवश्यकता वाला कोई भी मामला मंत्रिमंडल के समक्ष लंबित नहीं था।

<u>न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन;</u>

- किसान पोर्टल और सरकारी निजी सहभागिता मोड के माध्यम से देश में एस.एम.एस और आईवीआर प्रौद्योगिकी के जरिए उपयोक्ता समुदायों के लिए एग्रोमेट परामर्शिकाओं का प्रसारण जारी है। वर्तमान में, देश में लगभग 28.78 मिलियन किसान सीधे तौर पर एस.एम.एस के जरिए एग्रोमेंट परामर्शिकाएं प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य सरकार के अधिकारियों/ आपदा संबंधी अधिकारियों/केंद्र सरकार के संगठनों/जन सामान्य को मोबाइल के माध्यम से प्रतिकूल मौसम के बारे में एसएमएस से चेतावनियां भेजी जा रही हैं।

- राज्य प्राधिकरणों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया सहित सभी प्रयोक्ताओं को ई-मेल के माध्यम से कई शहरों के लिए चेतावनी और शहर पूर्वानुमान के साथ-साथ दैनिक पूर्वानुमान प्रसारित किये जाते हैं।

**<u>वायु मंडलीय प्रेक्षण प्रणाली नेटवर्क</u>**

| प्रेक्षण का प्रकार | अब तक चालू किए गए | महीने के दौरान स्थापित। | डेटा रिपोर्टिंग। |
|---|---|---|---|
| स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) | *358<br>(727-369) | -- | 358 |
| स्वचालित वर्षा मापक (ARG) | 578**<br>(1382-804) | -- | 578 |
| एग्रो एडब्ल्यूएस | 200 | 02 | 194 |
| जीपीएस सोंडे आधारित आरएस/आरडब्ल्यू (रेडियो सोंडे/रेडियों वायु) स्टेशन | 56 | -- | 56 |
| डॉपलर मौसम रडार | *** 32 | -- | 26 |
| ओजोन (ओजोन सोंदे+कुल ओजोन) | 04 | -- | 04 |
| सतह ओजोन (विद्युत-रासायनिक सांद्रता सेल विधि) | 07 | -- | 07 |
| नेफेलोमीटर | 12 | -- | 12 |
| स्काई रेडियोमीटर | 20 | -- | 13 |
| ब्लैक कार्बन मॉनिटरिंग सिस्टम (अथैलोमीटर) | 25 | -- | 23 |
| वायुगुणवत्ता निगरानी प्रणाली | 10 (Delhi)<br>10 (Mumbai)<br>10 (Ahmedabad) | -- | 09(Delhi)<br>NIL(Mumbai)****<br>Nil(Ahmedabad) |
| हाइड्रोमैट (भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं एडब्ल्यूएस एवं एआरजी को छोडकर अन्य विभाग | --- | -- | 3144 |
| विमानन | 79 | -- | 79 |
| रेडिएशन स्टेशन | 46 | --- | 46 |

*कुल 727 में से 369 पुराने हैं।
**कुल 1382 में से 804 पुराने हैं।
***भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के दो डॉप्लर मौसम रडारों सहित।
**** फर्म के साथ अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है।

**मॉडलिंग**

अप्रैल, 2022 के दौरान, हर सप्ताह गुरुवार को, बारिश, सतह के तापमान और हवाओं (पूर्ण क्षेत्रों और विसंगतियों) के लिए चार सप्ताह के लिए राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, युग्मित मॉडल आधारित विस्तृत पूर्वानुमान (ईआरपी) (i) आईएमडी के दीर्घ अवधि के पूर्वानुमान और कृषि-मौसम प्रभाग, (ii) भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ईआरपी समूह, (iii) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC), (iv) हिमपात

और हिमस्खलन अध्ययन प्रतिष्ठान (SASE), (v) भारतीय वायु सेना (IAF), (vi) भारतीय नौसेना, (vii) जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI), (viii) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (NIH), (ix) आईएमडी के सभी प्रादेशिक केंद्र और (x) बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के मौसम विभागों को रियल टाइम में प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त, हिमपात के पूर्वानुमान एसएएसई/डीआरडीओ तथा भारतीय वायु सेना को उपयोग के लिए उपलब्ध करवाए गए।

**मासिक मौसम सारांश (मार्च 2022)**

## क) माह के दौरान मौसम की महत्वपूर्ण घटनाएं

निम्न दबाव प्रणालियां: कुल 6 पश्चिमी विक्षोभ (1-4, 7-9, 13-15, 20-22, 23-25 और 28-29 अप्रैल) ने उत्तर भारत को प्रभावित किया, जिनमें से अधिकांश कमजोर और शुष्क थे। 13 और 21 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान दो चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी से दक्षिण-पूर्व अरब सागर और उससे सटे केरल तट पर चले गए। निचले क्षोभमंडल स्तरों में चक्रवाती परिसंचरणों / ट्रफों के प्रभाव में क्षेत्र में नमी के प्रवेश के द्वारा उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम और पूर्वोत्तर भारत में व्यापक रूप से व्यापक वर्षा/ गरजने की घटनाएं हुई।

राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर और लद्दाख के जम्मू डिवीजन, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, सौराष्ट्र और कच्छ, झारखंड, विदर्भ, गुजरात, बिहार और गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में लू और प्रचंड लू की स्थितियां हुई थी।

**ख) वर्षा परिदृश्य:** अप्रैल, 2022 माह में, पूरे देश में 38.4 मिमी. वर्षा दर्ज की गई जो इसके दीर्घावधि औसत (LPA) 39.3 मिमी. का 98% है।

**ग) भारी वर्षा की घटनायें:**

| समयावधि जिसके लिए चेतावनी जारी की गई | भारी / बहुत भारी वर्षा की घटनाओं की संख्या (> 64.4 मिमी): 19 |
|---|---|
| | 64.4 मिमी से अधिक वर्षा के लिए प्रतिशत सुधार (% में) |
| दिन 1/24 घंटे। | 94 |
| दिन 2/48 घंटे | 95 |
| दिन 3/72 घंटे। | 95 |

**घ) तापमान परिदृश्य:**

अप्रैल, 2022 माह में देश में समग्र रूप से औसत तापमान 29.40 डिग्री सेल्सियस था, जो कि सामान्य तापमान से +1.36 डिग्री सेल्सियस अधिक था। माह के दौरान देश के मैदानी इलाकों में 29 अप्रैल, 2022 को बांदा (पूर्वी उत्तर प्रदेश) में अधिकतम तापमान 47.4$^0$C दर्ज किया गया और 5 अप्रैल, 2022 को झाँसी (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) में न्यूनतम तापमान 12.5$^0$C दर्ज किया गया।

**ङ) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं:** माह के दौरान (माह की अंतिम तिथि को भारतीय मानक समय 08: 30 तक) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं नीचे तालिका में दी गई हैं:

| **क्र. सं.** | **राज्य / संघ राज्य क्षेत्र** | **गरजने की घटनाएँ** | **ओलावृष्टि की घटनाएं** | **धूल भरी आंधी** | **झोंकेदार हवाएँ** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 3 | 1 | 1 | 1 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 5 | 2 | 0 | 0 |
| 5 | बिहार | 3 | 2 | 5 | 4 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1 | 0 | 0 | 1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | दादर और नागर हवेली | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 2 | 1 | 5 | 3 |
| 10 | गोवा | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 11 | गुजरात | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | हरियाणा | 4 | 1 | 6 | 4 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | झारखंड | 2 | 1 | 1 | 1 |
| 16 | कर्नाटक | 4 | 2 | 1 | 2 |
| 17 | केरल | 21 | 1 | 0 | 15 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप समूह | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 21 | महाराष्ट्र | 14 | 4 | 1 | 4 |
| 22 | मणिपुर | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | मेघालय | 3 | 1 | 0 | 0 |
| 24 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 26 | ओडिशा | 3 | 1 | 1 | 3 |
| 27 | पुडुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | पंजाब | 7 | 2 | 2 | 3 |
| 29 | राजस्थान | 1 | 1 | 3 | 0 |
| 30 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 32 | तेलंगाना | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | त्रिपुरा | 1 | 1 | 0 | 1 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1 | 3 | 6 | 2 |
| 35 | उत्तराखंड | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 12 | 5 | 2 | 6 |

**जारी किए गए बुलेटिन/ चेतावनियां /प्रेस विज्ञप्तियां:**

अखिल भारतीय मौसम बुलेटिन- 120 , अखिल भारतीय मौसम अनुमान और प्रतिकूल मौसम चेतावनियां-120, अखिल भारतीय साप्ताहिक मौसम रिपोर्टें-4, अगले दो सप्ताह के लिए वर्तमान मौसम की स्थिति और आउटलुक:- 4, पश्चिमी और मध्य हिमालयी क्षेत्र के लिए पर्वत मौसम बुलेटिन- 60, भारत के लिए लू की चेतावनियां जारी की गई :-30, समुद्री मौसम बुलेटिन:-60, पूर्वानुमान प्रदर्शन परियोजना (FDP) थंडरस्टॉर्म ऑब्जर्वेशन एंड रीजनल मॉडलिंग (STORM) बुलेटिन -30 प्रतिकूल मौसम के लिए नाउकास्ट दिशानिर्देश बुलेटिन-30, , माह के दौरान जारी कुल प्रेस विज्ञप्तियां-26

**प्रकाशन और प्रचालन रिपोर्टें :**

i) अप्रैल 2022 माह के लिए अन नीनो - दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) बुलेटिन तथा अप्रैल से जुलाई 2022 माह अवधि के लिए दक्षिण एशिया हेतु मौसमी जलवायु आउटलुक जारी किए गए (त्वरित लिंक: www.imdpune.gov.in/Clim_Pred_LRF_New/Products.html)

ii) 4 साप्ताहिक, 1, 2, 3 एवं 4 मासिक समय पैमाने पर 0.5*0.5 डिग्री रिजोल्यूशन पर ग्रिडेड मानकीकृत वर्षा सूचकांक (SPI) तथा मानकीकृत वर्षा इवैपोट्रांसपासयरेशन सूचकांक (SPEI) की गणना की गई। आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर साप्ताहिक आधार पर उपर्युक्त समय-पैमाने के मैप अपलोड किए गए।

iii) 31 मार्च से लेकर 06 अप्रैल तक, 07 से लेकर 13 तक, 14 से लेकर 20 तक, 21 से लेकर 27 अप्रैल 2022 तक की अवधि के लिए चार साप्ताहिक शुष्कता विसंगति मैप तैयार किए गए और इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

iv) दिनांक 06.04.2022, 13.04.2022, 20.04.2022, तथा 27.04.2022 को समाप्त सप्ताहों के लिए चार साप्ताहिक और संचयी मानकीकृत वर्षा सूचकांक (एसपीआई) मानचित्र तैयार किए गए और कृषि मौसम परामर्शी सेवा बुलेटिन में उपयोग के लिए भेजे गए। इन्हें आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

v) 24 मार्च से लेकर 06 अप्रैल तक, 31 मार्च से लेकर 13 अप्रैल, 07 से 20 तक और 14 से 27 मार्च और 2022 तक की अवधि के लिए चार द्विसाप्ताहिक शुष्कता विसंगति मानचित्र तैयार किए गए। इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

vi) दिनांक 07 से लेकर 13, 14 से लेकर 20, 21 से लेकर 27 तथा 28 अप्रैल से 04 मई 2022 तक की अवधि के लिए चार साप्ताहिक शुष्कता विसंगति आउटलुक मैप तैयार किए गए और इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

vii) भारत के जलवायु नैदानिक बुलेटिन में उपयोग के लिए मार्च 2022 को समाप्त माह के लिए मासिक और संचयी मानकीकृत वर्षा सूचकांक (एसपीआई) मानचित्र तैयार किए गए । इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

viii) 31 मार्च से 06 अप्रैल, 07 से 13, 14 से 20 और 21 से 27 अप्रैल 2022 की अवधि के लिए चार साप्ताहिक शुष्कता विसंगति मानचित्र तैयार किए गए और कृषि मौसम परामर्शी सेवाओं के लिए कृषि मौसम को मेल कर दिए गए।

**भूकंपविज्ञानीय प्रेक्षण नेटवर्क**

| प्रेक्षण का प्रकार | लक्ष्य | चालू किए गए | माह के दौरान डेटा रिपोर्टिंग |
|---|---|---|---|
| भूकंप पूर्वानुमान केन्द्र | 115 | 152 | 139 |

**भूकंप और सुनामी की निगरानी**

भूकंप: भारतीय क्षेत्र में 81 भूकंपों की निगरानी की गई, जिसमें से 9 भूकंपों की तीव्रता 5.0 से अधिक थी।
सुनामी**:** सुनामी उत्पन्न कर सकने की क्षमता वाला 1 समुद्र तलीय भूकंप (6 से अधिक तीव्रता वाला) आया। इन सभी भूकंपों की सूचना 12 मिनट से भी कम समय में प्रदान की गई।

**समुद्र प्रेक्षण प्रणाली**

| प्लेटफॉर्म का प्रकार | लक्ष्य | अप्रैल, 2022 तक चालू किए गए | अप्रैल, 2022 के दौरान प्राप्त डेटा |
|---|---|---|---|
| अर्गो फ्लोट्स* | 200 | 374 | 69 |
| मूरेड बुवॉय | 16 | 19 | 13 |
| टाइड गेज | 36 | 36 | 31 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| उच्च आवृत्ति (HF) राडार | 10 | 12 | 10 |
| एकाउस्टिक डॉपलर करेंट प्रोफाइलर (ADCP) | 20 | 20 | 17 |
| सुनामी बुवॉय | 4 | 7 | 3 |
| वेव राइडर बुवॉय | 23 | 16 | 11 |

*शेष फ्लोट्स / ड्रिफ्टर्स ने अपनी समय अवधि पूरी कर ली है, इसलिए उनसे कोई डेटा नहीं प्राप्त किया जा सकता।

**<u>समुद्र विज्ञान सेवाएँ</u>**

| संख्या | पूर्वानुमान के प्रकार | महीने के दौरान जारी की गई परामर्शिकाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | इंटीग्रेटेड पोटेंशियल फिशिंग जोन (PFZ) एडवाइज़री (सी सर्फेस टेम्परेचर (SST), क्लोरोफिल, विंड)। | 30 |
| 2. | टूना मछली पकड़ने की परामर्शिकाएं | 9 |
| 3. | समुद्री दशा का पूर्वानुमान (OSF) लहरें, पवन, धारा, एसएसटी (समुद्र सतह का तापमान), MLD (मिश्रित परत की गहराई)और D20 पूर्वानुमान | 30 |
| 4. | रियल टाइम वैश्विक समुद्र विश्लेषण (दैनिक) | 30 |
| 5. | कोरल विरंजन चेतावनी प्रणाली | 10 |

**<u>आउटरीच एवं जागरुकता</u>**

- दिनांक 29, मार्च 2022 को राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एन.आई.ओ.टी.) में "उत्तरी हिंद महासागर में संस्टेनेशन ऑफ ओशन मूरेड बुवॉय नेटवर्क" सम्बन्धी एक कार्यशाला आयोजित की गई।
- एक अन्तरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता के रूप में क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केन्द्र (RSMC) द्वारा 13 WMO / इकोनॉमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड पैसिफिक (ESCAP) पैनल सदस्य देशों समेत बांग्लादेश, भारत, ईरान, मालदीव, म्यांमार, पाकिस्तान, कतर, सउदी अरब, ओमान सल्तनत, श्री लंका, थाईलैंड, यूनाइटेड अरब अमीराज एवं यमन को ट्रॉपिकल साइक्लोन (TC) परामर्शिकाएं जारी की जाती हैं।
- दिनांक 4 – 14 अप्रैल 2022 के दौरान क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केन्द्र (RSMC) द्वारा 18वां ट्रॉपिकल साइक्लोन फोरकास्टर ट्रेनिंग 2022 का आयोजन ऑनलाइन मोड में किया गया। इसमें WMO/ESCAP पैनल सदस्य देशों के 15 प्रतिभागियों समेत कुल 65 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने डॉ. एम. रविचंद्रन, सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की अध्यक्षता में दिनांक 14 अप्रैल, 2022 को मॉनसून मौसम वर्षा के प्रथम चरण दीर्घ अवधि पूर्वानुमान के बारे में ऑनलाइन मोड में मीडिया ब्रीफिंग का आयोजन किया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने वर्ष 1971 से 2020 तक के डेटा के आधार पर मॉनसून मौसम वर्षा के न्यू नार्मल सम्बन्धी एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिनांक 30 अप्रैल, 2022 को, "मई 2022 के दौरान तापमान एवं वर्षा के मासिक पूर्वानुमान" सम्बन्धी एक प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं आईएमडी वेबसाइट के माध्यम से अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में लगभग 5 मिनट अवधि के मौसम पूर्वानुमान सम्बन्धी वीडियो प्रतिदिन जारी किए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वेबसाइट एवं सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) के माध्यम से प्रत्येक गुरूवार को विस्तृत अवधि पूर्वानुमान (दो सप्ताह तक का) सम्बन्धी साप्ताहिक वीडियो जारी किया जाता है।

- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा देशभर के अंदर पूर्वानुमानकर्ताओं द्वारा दैनिक साक्षात्कार दिया गया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से पूर्वानुमान वीडियो क्षेत्रीय भाषाओं में जारी किए गए।
- ग्राफिक युक्त बुलेटिन एवं चेतावनी सोशल मीडिया समेत फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राफ, यूट्यूब एवं आईएमडी ब्लॉग पेज के माध्यम से भी जारी किए गए।
- प्रिंस श्री वेंकटेश्वरा पद्मावती इंजीनियरिंग कॉलेज के 54 विद्यार्थियों तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के 150 विद्यार्थियों क्रमश: दिनांक 8 एवं 19 अप्रैल 2022 को NIOT केंद्रों का दौरा किया
- जैन (डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी), कोच्चि कैंपस तथा श्रीमती दुर्गाबाई देशमुख महिला शासकीय तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, हैदराबाद के 77 विद्यार्थियों दिनांक 4 अप्रैल को भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र (इंकॉइस) कैंपस का दौरा किया। उन्हें हमारे प्रयोगशाला केन्द्रों तक गाइडेड टूर करवाया गया तथा इंकॉइस द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की संक्षिप्त जानकारी दी गई।
- पृथ्वी, महासागर एवं वायुमण्डलीय विज्ञान केन्द्र (CEOAS), हैदराबाद विश्वविद्यालय के 25 विद्यार्थियों के समूह ने दिनांक 21 अप्रैल 2022 को अपने अकादमिक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में इंकॉइस का दौरा किया, ताकि वे इंकॉइस की प्रचालनात्मक सेवाओं के साथ ही समुद्री प्रेक्षणों हेतु प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों की जानकारी पा सकें।
- भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है, तथा इस समारोह के हिस्से के रूप में अप्रैल 2022 माह में वर्चुअल व्याख्यान शृंखला और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस संबंधी गतिविधियां आयोजित की गई।

**<u>प्रकाशन</u>**

| विषय | प्रकाशन | | | पीएचडी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल, 2021 - मार्च, 2022 | अप्रैल, 2022 | कुल | अप्रैल, 2021 - मार्च, 2022 | अप्रैल, 2022 | कुल |
| वायुमण्डलीय विज्ञान | 225 | 18 | 243 | 9 | - | 9 |
| समुद्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 113 | 9 | 122 | 4 | - | 4 |
| ध्रुवीय विज्ञान | 52 | 4 | 56 | 1 | - | 1 |
| भूविज्ञान एवं संसाधन | 114 | 6 | 120 | 3 | - | 3 |
| कुल | 504 | 37 | 541 | 17 | - | 17 |

**<u>पेटेन्ट: 1</u>**

**<u>माह के दौरान समुद्री अनुसंधान पोतों का उपयोग</u>**

| पोत | समुद्र पर दिन / उपयोग | अनुरक्षण / निरीक्षण / वैज्ञानिक लॉजिस्टिक / क्रूज तैयारी | क्रूज की संख्या |
|---|---|---|---|
| सागर निधि | 0 | 30 | 0 |
| सागर मंजूषा | 0 | 30 | 0 |
| सागर तारा | 0 | 30 | 0 |
| सागर अन्वेषिका | 26 | 4 | 4 |
| सागर कन्या | 0 | 30 | 0 |
| सागर सम्पदा | 0 | 30 | 0 |

**अनुलग्नक II**

सं. एमओईएस/20/01/2017-स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोदी रोड
नई दिल्ली 110 003
दिनांक: 18 मई, 2022

प्रमाण पत्र

(माह अप्रैल 2022 के लिए)

प्रमाणित किया जाता है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित सभी पदों के संबंध में विस्तृत स्थिति अप्रैल, 2022माह के अंतिम दिन एवीएमएस पर अपडेट कर दी गई है। स्थिति का सार विवरण नीचे दिया गया है:-

| | |
|---|---|
| (क) एवीएमएस में दर्ज किए जाने हेतु अपेक्षित पदों की कुल संख्या | -13 |
| (ख) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार भरे हुए पदों की संख्या | -10 |
| (ग) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार पूर्णत: रिक्त पदों की संख्या | -01 |
| (घ) अतिरिक्त प्रभार व्यवस्था के अधीन पदों की संख्या | -02 |
| (ङ) आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदों की संख्या | -01 |

(इंदिरा मूर्ति)
संयुक्त सचिव
js.moes@gov.in